# सेवा संकल्प में कलेक्टर-एसपी ने किया रक्तदान



**नवभारत, कटनी।** सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार 17 सितंबर को जिला अस्पताल में आयोजित जिला स्तरीय रक्तदान शिविर मानव सेवा और संवेदनशीलता का जीवंत उदाहरण बन गया। किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाने के संकल्प के साथ लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में 61 लोगों ने रक्तदान कर 61 यूनिट रक्त संग्रहित कराया, जो जरूरत के समय बीमार, घायल, दुर्घटना पीड़ित और अन्य जरूरतमंद मरीजों के उपचार में जीवनरक्षक साबित होगा।

सेवा संकल्प अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा स्वयं जिला चिकित्सालय पहुंचे और रक्तदान किया। दोनों अधिकारियों ने रक्तदान कर न केवल अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई, बल्कि जिलेवासियों को भी इस पुनीत कार्य के लिए आगे आने का संदेश दिया। कलेक्टर आशीष तिवारी और एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। किसी दुर्घटना या गंभीर बीमारी की स्थिति में समय पर रक्त उपलब्ध होना मरीज के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। इसलिए स्वस्थ और पात्र नागरिकों को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। आपके द्वारा दिया गया रक्त किसी ऐसे व्यक्ति की जिंदगी बचा सकता है, जिसे आप जानते तक नहीं हैं।

शिविर में रक्तदाताओं ने पूरी उत्सुकता और सेवा भावना के साथ रक्तदान किया। कुल 61 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। यह रक्त अस्पताल में उपचाररत ऐसे मरीजों के लिए उपलब्ध कराया जा सकेगा, जिन्हें जीवन बचाने के लिए रक्त की तत्काल आवश्यकता होती है। रक्तदान करने वाले नागरिकों ने भी इसे सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि जन्मदिवस, विशेष अभियान या किसी भी अवसर को रक्तदान जैसे सेवा कार्य से जोड़ना समाज के लिए सकारात्मक संदेश है। शिविर में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर और सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया। जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर ने यह संदेश दिया कि सेवा केवल सहायता करने का नाम नहीं, बल्कि किसी के जीवन को बचाने का संकल्प भी है। रक्तदान के प्रति नागरिकों की सक्रिय भागीदारी ने सेवा संकल्प अभियान को सार्थकता प्रदान की।

# गाय के बछड़े का कान काटे जाने से क्षेत्र में आक्रोश

**पार्षद ने पुलिस से की आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग**



**नवभारत, कटनी।** शहर के इंद्रा नगर क्षेत्र में गाय के एक बछड़े का कान काटे जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार बछड़ा घायल अवस्था में मिला, जिसके बाद घटना की जानकारी आसपास के लोगों को हुई। बछड़े का कान किसी धारदार वस्तु से काटे जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना सामने आने के बाद क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच कर बछड़े को घायल करने वाले अज्ञात व्यक्ति का पता लगाने और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वार्ड क्रमांक-1 की पार्षद वंदना राजकिशोर यादव ने घटना को लेकर जनता से अपील की है कि इस तरह का कृत्य करने वालों के खिलाफ हिंदू संगठन भी कार्रवाई की मांग करें।

उन्होंने पुलिस से आग्रह किया कि मामले की जल्द जांच कर बछड़े को घायल करने वाले आरोपी का पता लगाकर उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

फिलहाल घटना को लेकर पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि सामने नहीं आई है। बछड़े का कान किसने और किस कारण से काटा, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## बीजेपी मंडल अध्यक्ष पर फर्जी बिल से आहरण का आरोप

**नवभारत, कटनी।** भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा पद के कथित दुरुपयोग का एक और मामला जिले से सामने आया है। केवलारी ग्राम पंचायत में बिना किसी वास्तविक दुकान या फर्म के, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन पांडे की फर्म के नाम से लाखों रुपये के बिल लगाकर पंचायत खातों से भुगतान उठाने के गंभीर आरोप लगे हैं। छपरवाह निवासी शिकायतकर्ता अनिकेत शुक्ला ने इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए कटनी कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायत में लगाए गए आरोपों के अनुसार केवलारी ग्राम पंचायत में विभिन्न सामग्री खरीदी और कार्यों के नाम पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन पांडे से जुड़ी फर्म के नाम बिल लगाकर लगभग 5 लाख की राशि पंचायत निधि से निकाली गई। शिकायत के अनुसार मंडल अध्यक्ष की कोई स्पष्ट दुकान या व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित ही नहीं है।

## आज बड़वारा में होगा जिला स्तरीय रोजगार मेला

**नवभारत, कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार शुक्रवार, 18 सितम्बर को ग्राम पंचायत भवन बड़वारा में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेला सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित होगा। मेले में रोजगार के साथ विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी और उपलब्ध अवसरों से युवाओं को अवगत कराया जाएगा। रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

# छात्रों को बताया गया पर्यावरण संरक्षण का महत्व

**उत्कृष्ट स्कूल में ओजोन दिवस पर किया गया आयोजन**

**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य भारत सिंह और सभी शिक्षकों ने छात्रों को ओजोन परत के महत्व, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस दौरान शिक्षकों ने ओजोन परत को होने वाले नुकसान, बढ़ते प्रदूषण के दुष्प्रभाव और पृथ्वी के संरक्षण के उपायों की जानकारी दी। छात्रों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य, शिक्षकों और छात्रों ने पृथ्वी को प्रदूषणमुक्त, स्वच्छ, सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया।

# ढीमरखेड़ा-दशरमन मार्ग पर गड्ढों से हर समय हादसों का खतरा

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा से दशर्मन जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। क्षेत्र की जीवनरेखा माना जाने वाला यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जहां सड़क में गड्ढे नहीं बल्कि गड्ढों में सड़क ढूंढनी पड़ रही है। राहगीरों के अनुमान के मुताबिक, इस चंद किलोमीटर लंबे मार्ग पर 500 से अधिक छोटे-बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जो आए दिन हादसों का कारण बन रहे हैं। इस मुख्य मार्ग से रोजाना हजारों छोटे-बड़े वाहनों और राहगीरों की आवाजाही होती है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे हैं और लोग चोटिल हो रहे हैं। दिन हो या रात, हर वक्त यहां किसी न किसी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

क्षेत्रीय ग्रामीणों में प्रशासन की इस उदासीनता को लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि आंखें मूंदे बैठे हैं। ऐसा प्रतीत होता है जैसे जिम्मेदार विभाग किसी बड़ी अप्रिय घटना या जनहानि का इंतजार कर रहा है, तभी इस सड़क की सुध ली जाएगी।

स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मुख्य मार्ग की अविलंब मरम्मत कराई जाए और डामरीकरण का कार्य शुरू किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क के गड्ढे नहीं भरे गए, तो वे आंदोलन और चकक्काजाम करने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## पुलिस ने दबिश देकर जब्त की शराब, महुआ लाहन नष्ट

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में दबिश देकर देसी शराब जब्त की है। दबिश के दौरान महुआ लाहन को भी जब्त कर नष्ट किया गया है। पुलिस ने बताया कि गूंड़ा गांव से रानी बाई लोनी से 4 लीटर कच्ची शराब, दसरमन से नरेश गोटिया से 5 लीटर कच्ची शराब, गोपालपुर से गोविंद पटेल 16 पाव देसी शराब, डुडहा से शरद सिंह से 5 लीटर शराब, 50 किलो ग्राम महुआ लाहन और खंदवारा से शिव प्रसाद से 5 लीटर शराब, 50 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त कर नष्ट किया है।

# क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक में मरीजों को मिलेगी बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने गुरुवार को जिला अस्पताल परिसर में 14.5 करोड़ रूपये की लागत से नवनिर्मित क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का निरीक्षण किया।



कलेक्टर ने 15 अक्टूबर तक नए भवन में हर हाल में स्वास्थ्य सेवायें शुरू कराने की हिदायत दी। उन्होंने नवनिर्मित भवन के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं सहित बनने वाले वार्डों, आपरेशन कक्ष आदि का गहन निरीक्षण किया और सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और एसपी ने शल्य चिकित्सा कक्ष एवं आइसोलेशन कक्ष का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं, आवश्यक संसाधनों औरप मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं और संचालन प्रक्रिया की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने सिविल सर्जन यशवंत वर्मा को निर्देशित किया कि क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक को शीघ्र प्रारंभ करने की कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि जिले के गंभीर मरीजों को आधुनिक, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए और मरीजों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। जिस पर सिविल सर्जन यशवंत वर्मा ने कलेक्टर को अवगत कराया कि क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक को 15 अक्टूबर तक प्रारंभ कर दिया जाएगा।

इसके शुरू होने से गंभीर मरीजों को जिला स्तर पर ही बेहतर उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कलेक्टर ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि शल्य चिकित्सा कक्ष में पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को उपचार के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ राजसिंह ठाकुर, सिविल सर्जन श्री यशवंत वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

